6 korba-pg1_Layout 1 3/6/2025 11:43 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

कटघोरा में लिथियम के तीन ब्लॉक के लिए जमीन चिन्हांकन की प्रक्रिया शुरू

खबर संक्षेप

नेहरू उत्कर्ष योजना 6वीं में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर 10 तक

कोरबा। पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु मंगाए गए आवेदनों में कार्यालय को अधिकांश विद्यार्थियों के (एसडीएम/तहसीलदार द्वारा जारी) वर्तमान आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र व कक्षा चौथी की अंकसूची प्राप्त नहीं हुई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा अंतिम अवसर प्रदान करते हुए विद्यार्थियों एवं पालकों को संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर सभी आवश्यक दस्तावेज 10 मार्च तक कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर ने अवैध रूप से प्राप्त शासकीय पट्टे को किया निरस्त

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट न्यायालय में सुनवाई करते हुए प्रेमदास पिता मंगलदास को अवैध रूप से प्राप्त शासकीय पट्टे को निरस्त किया है। जानकारी के अनुसार भैंसमा तहसील के ढोंगदरहा निवासी आवेदक अमृत लाल पिता सखाराम द्वारा पट्टा निरस्त किये जाने हेतु शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे न्यायालय कलेक्टर कोरबा में प्रकरण दर्ज कर विधिवत जांचोपरांत न्यायालयीन कार्यवाही करते हुए मौका स्थल में भौतिक कब्जा नहीं होने के कारण ग्राम-ढोंगदरहा प0ह0नं0-34 तहसील भैंसमा स्थित ख0नं0 571 रकबा 0.648 हे0 भूमि पर प्रेमदास पिता मंगलदास को प्राप्त अवैध शासकीय पट्टा को न्यायालय कलेक्टर कोरबा द्वारा निरस्त किया गया है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का मामला

तीन साल बाद भी नहीं लगी सीटी स्कैन मशीन, अब डीएमएफ से लगाने कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मेडिकल अस्पताल के लिए तीन साल बाद भी सीजीएमएससी सीटी मशीन की खरीदी नहीं कर सका है। अब जिला प्रशासन की मदद से डीएमएफ व सीएसआर मद की राशि से सीटी स्कैन मशीन खरीदी की तैयारी है, पर सीजीएमएससी से एनओसी जारी नहीं होने की वजह से प्रक्रिया अटकी हुई है। जैसे ही सीजीएमएससी से मशीन खरीदी की स्वीकृति मिलेगी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

खास बात

- सीजीएमएससी से नहीं मिल रही एनओसी, फिर अटक सकता है मामला

जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति के बाद से शासन ओर प्रशासन द्वारा एनएमसी के तय मापदण्ड के अनुसार तैयारी शुरू की गई, जिसमें मरीजों के लिए सीटी स्कैन मशीन की खरीदी भी शामिल थी। इसके लिए एनटीपीसी ने सीएसआर मद से 2 करोड़ की राशि स्वीकृत कर जिला प्रशासन को सौंपा था। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के लिए उपकरणों व दवाईयों की खरीदी के लिए सीजीएमएससी सरकारी एजेंसी होने की वजह से उसे ही सीटी स्कैन मशीन खरीदी की जिम्मेदारी दी गई। बावजूद इसके अब तक सीजीएमएससी की ओर से सीटी स्कैन मशीन की खरीदी अब तक नहीं हुई है। तीन साल गुजरने के बाद भी सीटी स्कैन मशीन खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी है। लेटलतीफी व गड़बड़ी को देखते हुए जिला प्रशासन ने डीएमएफ व सीएसआर मद से स्थानीय स्तर पर टेंडर की प्रक्रिया कर सीटी मशीन की खरीदी की स्वीकृति दी है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने इस संबंध में सीजीएमएससी को जानकारी देते हुए एनओसी मांगी है। हालांकि एक माह गुजरने के बाद भी अब तक सीजीएमएससी से एनओसी नहीं मिल सकी है।

13 करोड़ में आएगी हायर वर्जन की सीटी स्कैन मशीन

दरअसल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए एनटीपीसी कोरबा द्वारा दिए गए 2 करोड़ से पूर्व में जो सीटी स्कैन मशीन की खरीदी का निर्णय लिया गया था। उतनी रकम में सीटी स्कैन की बेसिक मशीन की ही खरीदी होनी थी। खरीदी में देरी होने पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने जिला प्रशासन को अवगत कराया। जिसके बाद जिला प्रशासन ने सीजीएमएससी से हायर वर्जन की सीटी स्कैन मशीन की जानकारी ली, तो उसकी कीमत लगभग 13 करोड़ रूपये बतायी गई। जिला प्रशासन ने चिकित्सा सुविधा के लिए जरूरी सीटी स्कैन मशीन की खरीदी डीएमएफ व सीएसआर मद से खरीदी की स्वीकृति दी है। जिसके बाद अब मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा सीधे मशीन की खरीदी की जाएगी।

एनएमसी से है मशीन स्थापना का दबाव

उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज को तीन वर्ष पूर्व मान्यता देने पहले एनएमसी की टीम ने फाइनल वर्चुअल निरीक्षण किया था। उस दौरान एनएमसी की टीम ने सीटी स्कैन मशीन नहीं होने पर सवाल पूछा था, जिस पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने प्रशासन से 2 करोड़ रूपये स्वीकृत करने के बाद खरीदी प्रक्रिया जारी होने की जानकारी दस्तावेजों में दिया था। हर साल एनएमसी की टीम सीटी स्कैन मशीन की जानकारी मांगती है और प्रबंधन खरीदी प्रक्रिया जारी होना बताता है। मेडिकल कॉलेज अब पीजी मान्यता के करीब पहुंच गया है। ऐसे में एनएमसी की ओर से सीटी स्कैन मशीन स्थापना दबाव है।

मरीज निजी सेंटर जाने को मजबूर

जिले में अब तक सीटी स्कैन मशीन की सरकारी सुविधा नहीं है। सीटी स्कैन मशीन नहीं होने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत दूसरे सरकारी अस्पतालों से सीटी स्कैन के लिए मरीजों को निजी सेंटर भेजा जाता है, जहां उन्हें जांच के लिए फीस के रूप में मोटी रकम अदा करनी पड़ती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना होगी तो जिले सहित पड़ोसी जिले के मरीजों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही सस्ते दर पर मरीजों की जांच हो सकेगी।

घूमने निकला युवक लापता हसदेव में डूबने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ढाबा का संचालन करने वाला एक युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। उसकी मोटरसाइकिल हसदेव नदी पुराना पुल के नीचे लावारिस हालत में मिली। नदी के किनारे उसका चप्पल गिरा हुआ था। युवक के नदी में डूबने की आशंका को देखते हुए नगर सैनिक कोरबा की टीम रेस्क्यू की लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं मिला।

मोरगा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत जायसवाल ढाबा का संचालन करने वाला एक युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। जोगेंद्र जायसवाल का पुत्र अंकित जायसवाल 5 मार्च की दोपहर लगभग 3.20 बजे अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके उपरांत अंकित की खोजबीन करने पर रात्रि 2 बजे उसकी मोटरसाइकिल हसदेव नदी पुराना पुल के नीचे लावारिस हालत में मिली है। नदी के किनारे उसका चप्पल गिरा हुआ था। नगर सैनिक कोरबा एवं एसडीआरएफ की टीम सुबह 11 बजे से रेस्क्यू कर रही थी लेकिन उसका देर शाम तक कोई पता नहीं चल पाया। देर शाम होने की वजह से उसका रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। शुक्रवार को फिर से उसकी खोजबीन की जाएगी। बताया जाता है कि पिछले 3 दिनों से अंकित गुमसुम रहता था और किसी का फोन भी रिसीव नहीं कर रहा था।

खास बात

- एसडीआरएफ की टीम जुटी है रेस्क्यू आपरेशन में, लावारिश हालत में चप्पल व बाइक मिली नदी के किनारे



लापता युवक की हसदेव नदी में खोजबीन करते एसडीआरएफ की टीम।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को मिली 20 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नाबालिक किशोरी के घर में घुसकर जबरन उसके साथ दैहिक शोषण करने वाले आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 20 वर्ष सश्रम कारावास व 8 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलीडुग्गू बस्ती निवासी सुरेश चौहान उर्फ गणेश चौहान ने क्षेत्र में निवासरत एक 16 वर्षीय नाबालिक के घर पानी पीने के बहाने घर में घुस गया था और घर में नाबालिक युवती को अकेले पाकर उसके साथ जबरदस्ती दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था और घटना के बाद मौके से फरार हो गया था। परिजनों ने इस मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी जिस पर कोतवाली पुलिस ने सुरेश चौहान उर्फ गणेश चौहान के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां मामले के सुनवाई अपर सेशन न्यायाधीश एफटीएससी ममता भोजवानी के न्यायालय में चल रही थी जहां आरोपी सुरेश चौहान के खिलाफ धारा 376 के तहत दोषसिद्ध होने पर उसे 20 वर्ष सश्रम कारावास और 8 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है। मामले में अभियोजन की ओर से सुनील कुमार मिश्रा अतिरिक्त लोक अभियोजक ने पैरवी की है।

6 korba-pg2_Layout 1 3/6/2025 11:45 PM Page 1

खबर संक्षेप

पाड़ीमार क्षेत्र में योग की अलख जगा रही अंजलि

कोरबा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में योग को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्तर पर काम किया जा रहा है। विद्यार्थियों से लेकर आम लोगों को इसमें जोड़ा गया है। अंजलि तिवारी के द्वारा बालकोनगर क्षेत्र के पाड़मिार विद्यालय और अन्य केन्द्रों में योग अभ्यास कराया जा रहा है, लोगों की रुचि इसमें लगातार देखने को मिल रही है। बालक, बालिका एवं महिलाओं सहित 47 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। आयुष केंद्र में अंजलि की पदस्थापना योग शिक्षिका के रूप में की गई है। उन्होंने अपने परफॉर्मेंस को दिखाने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना शुरू किया है। योग और प्राणायाम की विधा में लोगों को दक्ष करने और इसके फायदे बताने का काम भी इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है। वे यह बताने का प्रयास कर रहे हैं स्वस्थ जीवन शैली के लिए इस प्रकार की पद्धति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है और ऐसा करना लोगों के लिए हितकर भी होगा। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि आधुनिक जीवन शैली और औद्योगिक प्रदूषण के कारण कई प्रकार के खतरे हर कहीं बड़े हुए हैं। इस स्थिति में लोगों को समस्याएं तो है ही। समय के साथ वह अपने स्वास्थ्य को लेकर गंभीर होते जा रहे हैं और शायद यही कारण है कि योगाभ्यास की कक्षाएं शुरू होने को यहां पर काफी पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहा है।

सिन्हा के कोरबा आगमन पर जोरदार स्वागत

कोरबा। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा का गाजियाबाद में समाज रत्न से सम्मानित होने के पश्चात कोरबा पहुंचने पर नगर पालिका निगम कोरबा के वार्ड 16 के पार्षद रामकुमार साहू अपने समर्थकों के साथ कोरबा रेलवे स्टेशन सीतामढ़ी चंदेला होटल के समीप साल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंपहाउस वार्ड के पूर्व पार्षद व मेयर इन काउंसिल के सदस्य रामकिशोर यादव उर्फ दादू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर ट्रांसपोर्ट नगर में छत्तीसगढ़ अखबार वितरण संघ जिला इकाई कोरबा के अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में विनोद सिन्हा को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रदेश संरक्षक पदम सिंह चंदेल ,जय सिंह नेताम,लक्ष्मी राठौर, रामायण ,राय सिंह, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, ओंकार गुप्ता, शंकर दिव्य, अखिलेश राठौर, कृष्णा निर्मलकर, हेमंत जांगड़े आदि उपस्थित थे।

निगम के फेस आफ द मंथ चुने गए गिरवर, जनीराम व जीवनलाल

कोरबा। नगर पालिक निगम के स्वच्छता निरीक्षक गिरवर प्रसाद विश्वकर्मा, हेल्पर मजदूर जनीराम पटेल एवं कम्प्यूटर आपरेटर जीवनलाल कर्ष को मार्च माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को सम्मानित करने, उनका उत्साहवर्धन करने तथा अन्य कर्मचारियों को प्रेरणा देने की दिशा में अभिनव कदम उठाते हुए निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का नवाचार निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जनवरी से प्रारंभ की गई इस अभिनव पहल के तहत जनवरी माह के फेस आफ द मंथ के रूप में सफाई कर्मचारी बल गौरेया, भृत्य प्रमोद यादव, व आक्ट्राय पोस्ट सहायक दिलेश्वर सिंह ठाकुर का चयन किया गया था। इसी प्रकार फरवरी माह के लिए सहायक ग्रेड-2 श्यामकली डहरिया, सफाई कर्मचारी रामनरेश कलसे व कम्प्यूटर आपरेटर लक्ष्मण राव फेस आफ द मंथ चुने गए थे।

भाजपा कार्यालय में सह संगठन मंत्री पवन साय का स्वागत

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी के सह संगठन मंत्री पवन साय के कोरबा आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ पवन साय का आत्मीय स्वागत किया। उनकी उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस विशेष अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें शामिल थे भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, महामंत्री संतोष देवांगन, मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता।

कलेक्टर ने ली निगम के अधिकारियों की बैठक

आमजनों की सहभागिता से स्वच्छता की रैंकिंग में पहला पायदान पाना प्राथमिकता : वसंत

बैठक लेते कलेक्टर व उपस्थित निगम के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने विगत वर्ष हुए सर्वेक्षण में प्राप्त कमियों को चिन्हित करते हुए उन्हें दूर करने की दिशा में ठोस कदम उठाने और गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता आमजनमानस से जुड़ा हुआ प्रयास है और इसमें होने वाले कार्य स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं, इसलिए स्वच्छता के कार्यों में आमजन मानस की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने गंदगी फैलाने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और कार्यक्रम आयोजनकर्ताओं पर जुर्माना लगाने, शहर के मुख्य मार्गों सहित भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अव्यवस्थित रूप से लगने वाले दुकानों, ठेलों को हटाते हुए व्यवस्थित ढंग से लगाने और गंदगी फैलाने से रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि स्वच्छता शहर की सुंदरता के अलावा स्वास्थ्य से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए आमजनों, स्कूली विद्यार्थियों के भीतर स्वच्छता की भावना सदैव के लिए विकसित हो, हमारा शहर निरन्तर स्वच्छ बना रहें, इस दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री वसंत ने आमनागरिकों, स्वयंसेवी एवं सामाजिक संगठनों, महिला स्वसहायता समूहों के साथ-साथ समस्त कोरबावासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता व सहयोग दें, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें, सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थलों में कचरा न डालें, यह संकल्प लें कि न तो वे खुद गंदगी करेंगे और न ही किसी अन्य गंदगी करने देंगे। उन्होने आग्रह करते हुए कहा है कि घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों से उत्सर्जित गीले व सूखे अपशिष्ट को पृथक-पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें तथा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु उनके यहाँ पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों के रिक्शें में ही पृथक-पृथक उक्त कचरे को दें, स्वच्छता के प्रति खुद भी सतर्क रहें तथा दूसरों को भी इस हेतु जागरूक करें। इस दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे।

बैठक में निगम के अधिकारियों द्वारा इस दिशा में अभी तक किए गए कार्यों व तैयारियों का प्रस्तुतीकरण कलेक्टर के समक्ष किया गया। कलेक्टर श्री वसंत ने निगम क्षेत्र में स्थित सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम रूप से सुनिश्चित कराने और साफ-सफाई, स्वच्छता संबंधी संदेश, दिव्यांगजनों के रैम्प, पाईप रेलिंग, वाशबेसिन, मिरर, हैण्डवाश, सॉप, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, शिकायत पंजी, डस्टबिन सहित निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त एस.एल.आर.एम. सेंटरों की साफ-सफाई व कचरा प्रबंधन से जुड़े कार्यो की नियमित मानीटरिंग करने, सेंटरों में लघु उद्यानिकी, डेंटिंग, पेंटिंग, ब्यूटीफिकेशन व वहाँ की स्वच्छता पर विशेष फोकस रखने,डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था में और अधिक कसावट लाने निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक घर से नियत समय पर अपशिष्ट का संग्रहण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के जी.व्ही.पी.स्थलों को समाप्त करते हुए इन सभी स्थलों का सौंदर्यीकरण कर साफ-सुथरा रखने की दिशा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य व्यवसायिक क्षेत्रों, आवासीय क्षेत्रों व स्लम बस्तियों में दिन में साफ-सफाई के कार्य अनिवार्य रूप करने के निर्देश दिए।

महिला सप्ताह पर स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता का किया आयोजन

कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में किए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्य से प्रेरित होकर सृष्टि महिला समिति ने महिला सप्ताह के अवसर पर 5 मार्च को स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में हर वर्ष महिला दिवस के अवसर पर काव्य पाठ का आयोजन किया जाता है तदनुसार इस वर्ष काव्यपाठ काआयोजन किया गया जिसका विषय मेरे शब्दों में नारी था। इस प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये प्रतिभागी हैं श्रीमती संध्या चौहान, श्रीमती संगीता राय श्रीमती संगीता ठाकुर, श्रीमती वंदना शर्मा,श्रीमती सोनिया खूंटे ,श्रीमती हेमा शर्मा ,श्रीमती अंजना मिश्रा,श्रीमती मानसी बेहरा, श्रीमती सुप्रिया शर्मा , श्रीमती वंदना वरुदकर, श्रीमती मीनू सिंह, श्रीमती सरोज आरसे ने प्रतियोगिता में भाग ले कर कविता के माध्यम से अपने भावों को सुंदर अभिव्यक्ति दी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्रीमती मीनू सिंह द्वितीय स्थान पर श्रीमती वंदना शर्मा तृतीय स्थान पर श्रीमती मानसी बेहरा एवं चतुर्थ स्थान पर श्रीमती हेमा शर्मा रही। प्रतियोगिता के निर्णायक देवेंद्र कुमार पांडे (शिक्षक बीकन स्कूल कोरबा) एवं श्रीमती ज्योत्सना दौड़ेकर (शिक्षिका डीएवी पब्लिक स्कूल) रहे। अध्यक्षा सृष्टि महिला समिति श्रीमती श्वेता पंड्या ने पुष्पगुच्छ से निर्णायकों को सम्मानित किया एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर सृष्टि महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती श्वेता पंड्या ने सभी को महिला दिवस की अग्रिम बधाई दी तथा देश के निर्माण में महिलाओं योगदान पर चर्चा की। विभिन्न व्यस्तताओं के बीच अपने स्वयं के लिए समय निकालने और अपने पसंदीदा शौक़ पूरे करने, अपना ध्यान रखने की सलाह दी इस अवसर पर सृष्टि महिला समिति की सभी सदस्याएं उपस्थित थी।

शांतिनगर में बढ़ी चोरी की वारदात बस्तीवासी जा धमके थाने में

शिकायत करने थाने पहुंतचे बस्तीवासियों को समझाईश देते थाना प्रबारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में चोरी की घटना व चोरी के प्रयास का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दूसरे तीसरे दिन किसी न किसी इलाके में इस तरह की घटना सामने आ रही है। इसे लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। शांतिनगर बस्ती के लोगों ने गुरुवार को बड़ी संख्या में थाने जा धमके और पेट्रोलिंग सहित गश्त की मांग को लेकर थाने में थानेदार को ज्ञापन सौंपा।

जानकारी के अनुसार बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं ने स्थानीय लोगों की नाक में दम कर रखा है। बताया जाता है कि पिछले दो दिनों में बांकीमोंगरा शांतिनगर निवासी मालती, अजय श्रीवास व कौशल्या खुराना के घर चोरों ने चोरी का प्रयास किया है। बताया जाता है कि इससे पहले भी कुछ दिनों पहले भी इसी क्षेत्र में चोरी की घटना सामने आई थी। लगातार इस इलाके में बढ़ती चोरी की घटना से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। बताया जाता है कि गुरुवार की शाम बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोग थाने पहुंचे और मामले की शिकायत पुलिस से की है और आरोपियों की जल्द से जल्द धरपकड़ करने के साथ क्षेत्र में सतत पेट्रोलिंग करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपियों की धरपकड़ नहीं की जाती है तो आने वाले दिनों में स्थानीय लोग आंदोलन भी कर सकते हैं।

खास बात

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र का मामला, पेट्रोलिंग गस्त बढ़ाने की उठी मांग

भक्ति से बड़ा कोई कार्य नहीं : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

केंदई झरना मोरगा में स्थित स्वामी भजनानंद सरस्वती वनवासी सेवा आश्रम में परम्पूज्य स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज की कृपा छाया में व स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में चल रहे 44वां विष्णु महायज्ञ एव श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी महाराज ने आज ध्रुव चरित्र के बारे में श्रोतागणों को कथा का रसपान कराते हुए बताया कि स्वायमभु की पत्नी का नाम सतरूपा था इन्हें प्रियवत उत्तानपाद आदि 7 पुत्र और देव हूती आकृति नामक 3 कन्याएं हुई थी पांच साल का बालक के मन पर दोनों मां के व्यवहार का बहुत गहरा असर हुआ और वह एक दिन घर छोड़ कर चला गया रास्ते मे उसे नारद जी मिले। नारद मुनि ने कहा कि बेटा तुम घर जाओ तुम्हारे माता पिता चिंता करेंगे लेकिन वह नही माना और कहा कि मै भगवान नारायण का भक्त हुं और उनकी भक्ति करने जा रहा हुं तब नारद मुनि ने उसे ओम नमो भगवते वासुदेवाय मन्त्र की दीक्षा दी। वह बालक यमुना नदी के तट पर मधुबन में इस मंत्र का जाप करने लगा फिर नारद उसके पिता उत्तानपाद के पास गए तो उत्तानपाद ने कहा कि मैंने एक स्त्री के वश में आकर अपने बालक को घर छोड़कर जाने को कह दिया मुझे इसका बड़ा पछतावा है फिर नारद जी ने कहा कि आप उस बालक की चिंता ना करे उसका रखवाला तो अब भगवान ही है भविष्य में उसकी कीर्ति चारो ओर फैलेगी उधर बालक की कठोर तपस्या से अत्यंत ही अल्पकाल में भगवान नारायण प्रसन्न हो गए और उन्होंने दर्शन देकर कहा कि हे बालक मैं तेरे अंतर्मन की व्यथा ओर इच्छा की जानता हूं तेरी सभी इच्छा पूर्ण होगी ओर तुझे वह लोक प्रदान करता हुं जिसके चारों ओर ज्योति चक्र घूमता है व सूर्यादि सभी ग्रह और सप्तर्षि नक्षत्र जिसके चक्कर लगाते रहते हैं प्रलयकाल में भी इस लोक का नाश नहीं हुआ सभी प्रकार के सर्वोत्तम ऐश्वर्या भगकर अंत समय में तू मेरे लोक को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर परिवार के साथ सभी नगरवासियों ने कथा का रसपान किया। इस अवसर पर परिवार के द्वारा भगवान ध्रुव की सुंदर झांकी की भी प्रस्तुति पेश की गई।

कथा सुनाते आचार्य।

श्रवम करते श्रद्दालु।

केंदई आश्रम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

44वां विष्णु महायज्ञ में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी भजन आनंद वनवासी सेवा आश्रम केंद्रई में विगत 44वर्षों से स्वामी शारदानंद सरस्वती के द्वारा यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस दौरान सामूहिक विवाह एवं नि:शुल्क चिकित्सा औषधी की सेवा भी दी जाती है। इसी कड़ी में 3 से 10 मार्च तक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी की उपस्थिति एवं दर्शन लाभ एवं देश के अन्य संतों का भी आगमन हो रहा है, जिनके द्वारा भागवत कथा एवं उपदेश दिया जा रहा है।

12वीं की परीक्षा शुरू, उड़नदस्ता टीम को नहीं मिला प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत 12वीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गया है। जिले में परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 6 मार्च को हायर सेकेडंरी स्कूल के इतिहास, व्यवसाय, कृषि विज्ञान के तत्व व गणित, ड्राइंग व पेंटिंग विषय का परीक्षा संपन्न हुआ। उक्त विषयों की परीक्षा हेतु कुल 3264 दर्ज बच्चों में से 3229 विद्यार्थी उपस्थित एवं 35 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें इतिहास विषय में 884 दर्ज बच्चों में 869 उपस्थित व 15 अनुपस्थित, व्यवसाय विषय में 2109 दर्ज बच्चों में उपस्थित 2094 व 15 अनुपस्थित, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित विषय में 267 दर्ज बच्चों में उपस्थित 262 व 5 अनुपस्थित, ड्राइंग एवं पेंटिंग विषय में 4 दर्ज बच्चों में सभी उपस्थित रहे।

उक्त परीक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत दल क्रमांक 1 द्वारा सेजेस सिंघिया, सेजेस बिंझरा, सेजेस तुमान, सेजेस जटगा, सेजेस लैंगा, सेजेस पसान का, दल क्रमांक 2 द्वारा सेजेस गिधौरी, सेजेस सोहागपुर, सेजेस करईनारा, सेजेस उमरेली, सेजेस जर्वे का, दल क्र. 3 द्वारा सरस्वती सीतामणी, ज्योति मिशन, कोरबा टी.डब्लू.डी., सेजेस कन्या साडा, प्रयास स्कूल डींगापुर का, दल क्रमांक 4 द्वारा सरस्वती बांकीमोंगरा, ज्ञानोदय जंगल साईड, अशास घुडदेवा, सेजेस बांकी मोंगरा, सेजेस अरदा, सेजेस ढेलवाडीह का, दल क्रमांक 5 द्वारा शा.उ.मा.वि. पडनिया, शा.उ.मा.वि. कुदुरमाल, शा.उ.मा.वि. कनकी कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालित हुआ एवं एक भी नकल प्रकरण नहीं रहा।

खास बात

- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का आयोजन, 25 केन्द्रों में पहुंची उड़नदस्ता टीम

आरटीई का पोर्टल बंद, अभिभावक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गरीब परिवार के बच्चों को निजी (प्राइवेट) विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा के लिए शिक्षा का अधिकार अंतर्गत प्रवेश पंजीयन के लिए शासन की ओर से शेड्यूल जारी किया गया था। इसके तहत एक मार्च से आवेदन की प्रक्रिया शुरु होनी थी। लेकिन अब पोर्टल ही नहीं खुल रही है।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों निःशुल्क प्रवेश की पंजीयन का पोर्टल पहले ही दिन से बंद हो गई है। इसकी वजह ऑनलाइन आवेदन में हुए कुछ त्रुटियों को बताया गया है। अभिभावक बार-बार पोर्टल सर्च कर हैं, लेकिन आवेदन की प्रक्रिया शुरू नहीं होन से अभिभावक परेशान हो रहे हैं। अभिभावकों की ओर से आरटीई का पोर्टल खोलने के बाद स्टूडेंट पंजीयन के ऑप्शन पर क्लिक करने पर पंजीयन प्रक्रिया शुरु नहीं हो रही है, बल्कि पोर्टल पर आवश्यक नोट लिखा हुआ प्रदर्शित हो रहा है। इसकी वजह ऑनलाइन आवेदन में हुए त्रुटियों को बताया गया है। इस संबंध में पोर्टल में सूचना दी गई है। पोर्टल में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन आवेदनों में हुए त्रुटियों को दृष्टिगत रखते हुए आरटीई पोर्टल में आवश्यक सुधार किया जा रहा है। पोर्टल में सुधार उपरांत ऑनलाइन आवेदन हेतु खोल दिया जाएगा, जिसकी पृथक से सूचना दी जाएगी। इससे अभिभावक बार-बार पोर्टल पर पहुंच रहे हैं। पंजीयन की प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि शासन ने पहले जारी शेड्यूल के अनुसार 31 मार्च तक का समय दिया गया था। इसके बाद आवेदनों का सत्यापन और लॉटरी के माध्यम से सीटों के आबंटन की प्रकिया शुरू करने की बात कही गई थी।

पदोन्नति में बाधा, वन कर्मी संघ ने लघु वनोपज कार्य का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग के कर्मचारियों में बाधा उत्पन्न होने को लेकर छग वनकर्मचारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है और लघु वनोपज कार्यों का बहिष्कार करना शुरुकर दिया है। यदि बात नहीं बनी तो आने वाले दिनों में वन विभाग के कर्मचारी आंदोलन का रुख कर सकते हैं।

छग वन कर्मचारी संघ के संभागा अध्यक्ष प्रीतम पुरईन ने जानकारी देते हुए बताया कि छग वन कर्मचारी संघ रायपुर के नेतृत्व में वन विभाग के कर्मचारी आंदोलन की ओर रुख कर रहे हैं इसके लिए कर्मचारी संघ ने शासन को ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि विभागीय सेटअप में उप वनक्षेत्रपाल के 655 पद एवं छग राज्य लघु वनोपज संघ के सेटअप में 90 पदों की स्वीकृति प्रदान करते हुये शासन के पत्र बिन्दु 3 (ii) में यह शर्त लगाया गया है कि प्रतिनियुक्ति के पदो के विरूद्ध विभाग उन पदों को रिक्त मानते हुये पदोन्नति नहीं करेगा। उक्त शर्त अनुसार विभाग से यदि संघ में 90 वनक्षेत्रपाल को भेजे जायेगे तो विभाग में 90 पद रिक्त रखे जायेगें। इससे स्पष्ट है कि 90 पदों में कर्मचारियों की पदोन्नति के अवसर समाप्त हो गये है। पूर्व प्रचलित व्यवस्था के अनुसार वनपालों को पदोन्नति देकर संघ में स्वीकृत 180 पदों पर न्यूनतम 01 के लिये संघ में पदस्थ किया जाता रहा है। विभाग के नियमित सेटअप में पद रिक्त होने पर संघ में पदस्थ किये गये उपवनक्षेत्रपाल को 01 वर्ष बाद विभाग में वापस पदस्थ कर उनके स्थान पर वनपालों को पदोन्नत कर संघ में भेजा जाता रहा है। इसी रोटेशन से कार्यवाही की जाती रही है। शासन के उक्त शर्त अनुसार 90 पदों पर पदोन्नति के अवसर पूर्णतया समाप्त हो गया है। इसे लेकर वन कर्मचारी संघ ने शासन के उक्त शर्त को विलोपित कर, पूर्व प्रचलित व्यवस्था को लागू किया जावे। उक्त व्यवस्था बहाल न होने की स्थिति में समस्त वन कर्मचारी लघु वनोपज संघ के समस्त कार्यों का बहिष्कार कर रहे हैं जिससे तेंदूपत्ता का कार्य प्रभावित हो रहा है।

दो चार पहिया वाहन भिड़े, वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत कबीर चौक से कुसमुंडा खदान जाने वाले मार्ग पर छत्तीसगढ़ ढाबा के पास तेज रफ्तार दो चारपहिया वाहन आपस में जा भिड़े। बताया जा रहा है कि एक वाहन तेज रफ्तार में थी जो दूसरे वाहन से जा भिड़ी। दोनों चार पहिया वाहन सीजी 12 बीजे 0594 और सीजी 12 बीपी 6048 वाहन कुसमुंडा खदान में ठेका कार्य के तहत संचालित है। हादसे में चालक को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि यहां सड़क अच्छी होने की वजह से चार पहिया चालकों की वाहनों की रफ्तार बेहद तेज रहती है जिससे ऐसे हादसों की संभावना हमेशा बनी रहती है।

6 korba-pg3_Layout 1 3/6/2025 11:45 PM Page 1

खबर संक्षेप

इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड में दीपांशु ने हासिल की 28वीं रैंक

कोरबा। रामसागरपारा दर्री रोड निवासी दीपांशु सोनी को इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड में

इंटरनेशनल 28वीं रैंक हासिल हुई है। वे जोनल में 19वें और रिजनल में 25वें स्थान पर हैं, जबकि स्कूल में उसकी रैंकिंग दूसरे क्रम पर है। उन्होंने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टेंशन, सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टेंशन और सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस के जोनल अवार्ड की पात्रता प्राप्त की है। राजू-मिनाक्षी सोनी के पुत्र दीपांशु एनईपीएस में क्लास-4 के विद्यार्थी हैं जहां पर हाल में ही सुपर-30 पटना के संस्थापक पद्मश्री आनंद प्रकाश का आना हुआ। आनंद प्रकाश के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का भरोसा बढ़ा है, उन्होंने शिक्षा पर समर्पण दिखाने की बात कही।

भाजपा के संगठनात्मक मजबूती नगर निगम विकास पर चर्चा

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय दीनदयाल कुंज में भाजपा पार्षद दल की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नगर निगम में भाजपा के महापौर एवं पार्षदों की विजय पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा को मिले जनसमर्थन और विश्वास पर खरा उतरना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी को समर्पित रहना होगा। उक्त बैठक में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, कोरबा जिला प्रभारी एवं रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व सांसद, बिलासपुर लखनलाल साहू, पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर, कोरबा नगर निगम नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चावलानी, कोरबा विधानसभा के मंडल अध्यक्षगण, नगर निगम के सभी भाजपा पार्षदगण उपस्थित रहे। साथ ही बैठक में उपस्थित भाजपा के सभी विजयी पार्षदगण, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

ठेका संविदा कर्मचारियों को होली के पूर्व भुगतान किए जाने की मांग

कोरबा। भारतीय मजदूर संघ एवं छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ से सम्बद्ध बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ, शाखा डीएसपीएम कोरबा पूर्व के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा 3 मार्च को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा गया। कंपनी में कार्यरत ठेका संविदा कर्मचारियों को इस बार होली के पूर्व भुगतान किए जाने की मांग की गई। महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि विद्युत संयंत्रों में कार्य करने वाले ठेका कर्मचारियों को संबंधित ठेकेदार के द्वारा अनियमित रूप से 20-25 तारीख तक वेतन दिया जाता है। महासंघ ने मांग किया है कि होली पर्व देखते हुए समस्त ठेका कर्मियों को इस माह होली के पूर्व 10 तारीख तक भुगतान किया जावे। संघ के ठेका कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं, सुरक्षा सामग्री, हाजिरी कार्ड, पीएफ आदि समस्याओं के निराकरण किए जाने के लिए चर्चा की गई। जिस पर मुख्य अभियंता महोदय के द्वारा सकारात्मक रूप से संघ को आश्वस्त किया गया। इस दौरान महासंघ के प्रतिनिधि मंडल में महासंघ के उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, शाखा के अध्यक्ष श्यामसुंदर खूंटे, सचिव संदीप राठौर, पदाधिकारी एस के डेविड, संदीप हलवाई, संजय सहित अन्य शामिल रहे।

एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लाइवलीहुड कॉलेज कोरबा में एक दिवसीय उद्यमिता शिविर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक निति 2024-30 स्थायी पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट रियायतें एवं छूट के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विनिर्माण सेवा क्षेत्र में ऋण सुविधा अनुदान के बारे में बताया गया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्यान्न उन्नयन योजना के अंतर्गत विस्तृत जानकारी पॉवर पॉइंट में प्रस्तुति के माध्यम से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस शिविर में 75 प्रतिभागी उपस्थित रहें। जिला व्यापार एवं उद्योग के महाप्रबंधक टी.आर. कश्यप द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया। लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य अरूणेन्द्र मिश्रा द्वारा योजनांतर्गत विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित होने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

3 दिन पहले पाली थाना क्षेत्र के जंगल में जली हुई अवस्था में युवती की मिली थी लाश

व्याख्याता ने चालक के साथ मिलकर प्रेमिका को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन दिन पहले पाली चैतुरगढ़ जंगल में जली हुई अवस्था में एक युवती की लाश मिली थी। युवती के अंधेकत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि युवती के व्याख्याता प्रेमी ने ही की थी। इसमें उसके वाहन चालक ने भी उसका साथ दिया थ। पुलिस के

मृतका

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

वारदात में इस्तेमाल की गई स्कार्पियो वाहन।

खास बात

- 28 फरवरी की सुबह 11 बजे कटगोरा में वारदात को दिया गया था अंजाम

चंगुल से बचने के लिए उसकी लाश को जंगल में ठिकाने लगा दिया था। पुलिस ने हत्या के मामले में व्याख्याता एवं उसके चालक को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो वाहन को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है।

ज्ञात हो कि तीन दिनों पूर्व पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चैतुरगढ़ के जंगल में एक 27 वर्षीय युवती की जली हुई अवस्था में लाश मिली थी। पुलिस ने मृत युवती की शिनाख्ती के लिए उसकी फोटो को सोशल मीडिया में वायरल किया था जिसके बाद युवती के हाथ में बंधे ब्रेसलेट के आधार पर युवती की एक महिला दोस्त ने उसकी पहचान बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाद पोड़ी निवासी शशिकला पुलस्ते 27 वर्ष के रूप में की थी। पहचान होते ही पुलिसिया जांच तेज हुई और पुलिस ने एक-एक कर सूत्रों को पिरोना शुरू किया। जिसके आधार पर पुलिस ने पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंगोले नूनेरा निवासी शशिकला पुलस्ते के प्रेमी मिलन दास महंत को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने स्कार्पियो चालक सावन दास यादव के साथ मिलकर शशिकला पुलस्ते की हत्या कर उसकी लाश को जंगल में ठिकाने लगाने की बात कबूल कर ली। जिसके बाद पुलिस ने मिलन दास व उसका चालक सावन दास यादव को गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में इस्तेमाल की गई मिलन दास के स्कॉर्पियो वाहन को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। इस वारदात को सुलझाने में थाना प्रभारी पाली विनोद कुमार सिंह, सहायक उपनिरीक्षक समेदास खांडेकर, प्रधान आरक्षक हीरावन सिंह सरूते, अमित यादव, आरक्षक विवेक तिर्की, अनिल कुर्रे, परमालाल मांझवार की सराहनीय भूमिका रही।

दसवीं में अंग्रेजी की शिक्षा दी थी प्रेमी ने

बताया जाता है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने वाला मिलन दास महंत जो मृतिका शशिकला पुलस्ते के गांव लाद पोड़ी में ही व्याख्याता के पद पर पदस्थ था और जब शशिकला उसके ही स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा थी। तब मिलन दास महंत उसे अंग्रेजी की शिक्षा दिया करता था इस दौरान दोनों की जान पहचान हुई और यह जान पहचान प्रेम प्रसंग में बदल गई वर्ष 2018 से मिलन दास शशिकला को दर्री और कटघोरा में अलग-अलग स्थान में किराये का मकान लेकर रखा था और उसके पास आना-जाना करता था जबकि मिलन दास पहले से ही शादीशुदा है उसके चार बच्चे भी हैं। हत्या की वारदात को अंजाम देने वाला मिलन दास अपनी ही शिष्या शशिकला को प्रेम के झांसे में फांस लिया था और शादी का झांसा देकर उसका शोषण करता आ रहा था जब बात नहीं बने तो मिलन दास ने उसे रास्ते से हटाने के लिए यह हत्या की वारदात की साजिश रची थी।

शादी के लिए बना रही थी दबाव

युवती के द्वारा लगातार शादी करने के लिए दबाव बनाने के चलते मिलन दास शशिकला को रास्ते से हटाना चाहता था और योजनाबद्ध ढंग से 28 फरवरी को उसने अपने साथी सावन दास के साथ मिलकर उसके घर में ही उसे सुबह 11 बजे गमछा से गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया था और उसकी लाश को बाथरूम में ठिकाने लगा दिया था। जिसके उपरांत योजनाबद्ध ढंग से मिलन दास व सावन दास अपने स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 12 एजी 9226 में सवार होकर रात 12 बजे पहुंचे और जंगल के रास्ते होते हुए तुमान पेट्रोल पंप में 3 लीटर पेट्रोल की खरीदी की और जंगल में ले जाकर उसकी लाश को आग के हवाले कर दिया और लाश को नीचे लुढ़काकर वापस अपने घर चले आए थे ताकि पुलिस उनके गिरेबान तक ना पहुंच सके।

2018 से चल रहा था प्रेम प्रसंग

बताया जाता है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी मिलन दास महंत ग्राम रंगोले नुनेरा का रहने वाला है जो बांगो थाना क्षेत्र के लाद पोड़ी स्थित हाईस्कूल में व्याख्याता के पद पर पदस्थ था और वहीं रहता था। उसकी जान पहचान वर्षों पूर्व शशिकला पुलस्ते से हो गई थी और पिछले 4 साल से मिलन दास और शशिकला लिव इन में रहते थे। पूर्व में मिलन दास शशिकला को दर्री क्षेत्र में किराये के मकान में रखा हुआ था लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मिलन दास फिर से शशिकला को कटघोरा थाना क्षेत्र के भोले चाल में उसे रखा हुआ था और लगातार शशिकला उसे शादी के लिए दबाव भी बना रही थी और कई बार शशिकला मिलन दास के घर जाकर बखेड़ा भी कर चुकी थी।

बालको के ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने कार्यस्थल के साथ बीपीएल में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बालको के ट्रांसजेंडर विजयी प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको प्रबंधन की ओर से आयोजित अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता बालको प्रीमियर लीग (बीपीएल) कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार की उपस्थिति में धूमधाम से सपन्न हुआ। लैंगिंग विविधता को बढ़ावा देने पर समर्पित इस प्रतियोगिता में लगभग 145 डायवर्स टीमों ने हिस्सा लिया।

लगभग 60 दिनों तक चले क्रिकेट प्रतियोगिता डायवर्सिटी और इंक्लूजन का फेस्टिवल बन गया जिसमें महिला, पुरुष एवं ट्रांसजेंडर कर्मचारियों तथा व्यावसायिक भागीदारों सामुदायिक लाभार्थी सहित विभिन्न टीमों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। एक समान कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के रूप में बालको विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाया है। कंपनी ने प्रगतिशील कदम उठाते हुए बीपीएल 6वें के संस्करण में लैंगिग विविधता को बढ़ावा देते हुए ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को भी शामिल किया। बालको ने कार्यस्थल के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में मौका देकर इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का अवसर प्रदान किया जिसपर खरा उतरते खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। कंपनी ने संवेदीकरण कार्यशालाओं और प्रशिक्षण से बेहतर कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा दिया है जिसके वजह से यह संभव हो सका है। कंपनी ने समानता को बढ़ावा देने और लिंग के आधार पर असुविधा या पूर्वाग्रह की आशंका खत्म करने के लिए जेंडर-न्यूट्रल का बुनियादी ढांचा विकसित किया है। संयंत्र में समावेशिता को आगे ले जाने के दृढ़ संकल्प के साथ कंपनी ने अनेक लाभकारी योजनाएं लागू की हैं। ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिंग परिवर्तन पुनः निर्धारण सर्जरी के लिए दो लाख रुपये की एकमुश्त अनुदान नीति। अनुदान के साथ ही 30 दिनों का अनुपस्थिति अवकाश तथा इस अवधि में उनकी देखभाल का प्रावधान भी शामिल है। नीति के कार्यान्वयन के बाद से मुआवजा और छुट्टी संबंधी प्रावधानों का लाभ अबतक 5 जरूरतमंद कर्मचारियों को मिल चुका है। कंपनी ने उन्हें उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता नीति के साथ सशक्त बनाया है, जिससे वो अपने सपनों को पूरा करऔर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें।

बीपीएल में देखने को मिली लैंगिग विविधता: राजेश

प्रतियोगिा में सभी टीमों के खेल की सराहना करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीपीएल के इस संस्करण में लैंगिग विविधता देखने को मिली जो बालको परिवार के दृढ़ संकल्प का नतीजा है। इस पहल से टीम भावना, एकजुटता और पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने के उद्देश्य से खेल स्पर्धाओं का आयोजन बालको के लिए सही मायनों में सफल साबित हुआ। बालको परिवार हर साल पूरा इस टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार करता है।

पार्षदों व अधिकारियों के आपसी समन्वय से करेंगे नगर का विकासः महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों व अधिकारियों के आपसी समन्वय से नगर विकास के कार्यो में तेजी लाते हुए जनता जनार्दन की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। निगम क्षेत्र की जनता ने जिस आशा, विश्वास व भरोसे के साथ हमें निगम में कार्य करने भेजा है, हम जनता के उस भरोसे पर खरे उतरे, उनके विश्वास को बनाए रखें, यह हमारा सबसे प्रथम कर्तव्य होगा तथा जनता जनार्दन की इच्छा, आवश्यकता व उनकी मांग के अनुसार ही विकास कार्यो को गति व दिशा दी जाएगी।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पार्षदों व अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक के दौरान कही। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में गुरूवार को नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों व निगम के प्रमुख अधिकारियों के मध्य परिचयात्मक बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ ही निगम के नवनिर्वाचित पार्षदगण व अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान पार्षदों एवं अधिकारियों ने एक-दूसरे के साथ अपना परिचय व उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो की जानकारी साझा की। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि अधिकारियों व पार्षदों के समन्वय व आपसी सहयोग से कोरबा का समग्र विकास होगा, यह सुनिश्चित है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से प्राप्त मार्गदर्शन पर कार्य करते हुए हम सब कोरबा के विकास को नई दिशा देंगे, जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे।

बैठक लेती महापौर व पार्षद।

खास बात

- महापौर एवं निगम आयुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुई नवनिर्वआचित पार्षदों व अधिकारियों की बैठक

बदलेगी कोरबा की तस्वीर

इस मौके पर निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि राज्य शासन के मार्गदर्शन में आगामी 5 वर्षो में कोरबा की तस्वीर बदलने का कार्य किया जाएगा। शहर के अधोसंरचनात्मक विकास के साथ-साथ पानी, बिजली, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की और अधिक बेहतरी की दिशा में कार्य करते हुए शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का सफल कियान्वयन कर पात्र लोगों तक उनका लाभ पहुंचे। इस दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अगुवाई में निगम के पार्षदों के सहयोग व सुझाव से हम सब मिलकर कोरबा के विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

अनुकूल समय में हम सभी को पार्षद बनने का मिला सौभाग्य

पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि यह हम सभी पार्षदों का सौभाग्य है कि हम एक अच्छे व अनुकूल समय में पार्षद बने हैं, जबकि केन्द्र में, प्रदेश में और शहर में एक ही दल की सरकार है, इसका फायदा निश्चित रूप से हम सबको मिलेगा तथा हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव व उद्योग मंत्री एवं स्थानीय विधायक लखनलाल देवांगन के सतत मार्गदर्शन में कोरबा के समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़े। उन्होने कहा कि हम सभी पार्षदगण सुलझे तरीके से अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर विकास को गति व दिशा देंगे।

अब कोरबा के विकास में नहीं आएगी कोई रूकावट

पार्षद हितानंद अग्रवाल ने कहा कि अब कोरबा के विकास में किसी भी प्रकार की कोई रूकावट नहीं आएगी, विकास संबंधी जो प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे, वह तुरंत स्वीकृत होंगे, जबकि पहले कई विषयों पर व्यवधान उपस्थित हो जाते थे, रूकावटे पैदा होती थी, विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था, किन्तु अब ऐसी केई बात नहीं है। उन्होंने प्रदूषण व राखड़ की समस्या उठाते हुए कहा कि लो-एरिया में राखड़ की डम्पिंग नगर निगम से एनओसी प्राप्त करने के पश्चात ही की जाए, साथ ही सार्वजनिक प्रतिष्ठान अपने-अपने क्षेत्र के वार्डो में विकास, साफ-सफाई व अन्य सुविधाओं पर कार्य करें।

गर्मी में नगरवासियों को पानी की समस्या से निजात दिलाना होगी प्राथमिकता : जायसवाल

बैठक लेते नगर पंचायत अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

राज जायसवाल के नगर अध्यक्ष बनने के पश्चात पदभार ग्रहण करते ही आने वाले गर्मियों के सीजन में नगरवासियों को होने वाली परेशानियों से बचाव के लिए नगर पालिका परिषद कटघोरा के सभागार में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी एवं विभाग प्रमुख की एक आवश्यक बैठक ली जिसमें मुख्य रूप से सभी वार्डो में पेयजल आपूर्ति,नगर सफाई,व विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्मी में कटघोरावासियों पानी की समस्या से निजात दिलाना था। इस समस्या न हो साथ ही समस्या का मुख्य वजह होता है विद्युत का प्रवाह नहीं होने के कारण इसके लिए लगातार विद्युत विभाग से सम्पर्क कर विद्युत व्यवस्था का दुरुस्ती करना हो जिससे विद्युत आपूर्ति की बाधा ना आये व सभी नगरवासियों को समय से पानी मिल सके इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही सफाई की क्षेत्रों को देखते हुए नगर पालिका में सफाई मित्रों की संख्या बढ़ाने की बात कही गई। सफाई मित्रों के बढाने से शहर के सभी वार्डो को एक साथ साफ सुथरा रखा जा सकेगा क्योंकि अधिकांश बार देखा जाता है कि सफाई मित्रों की कमी की वजह से एक वार्ड में सफाई होती है व जब दूसरे वार्ड की बारी आती है तब तक सफाई किया हुआ वार्ड में पुनः गन्दगी अपना पैर पसार चुकी होती है। सफाई मित्रों के बढ़ने से नगर का हर स्पॉट स्वच्छ दिखेगा। इस अवसर पर विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी व विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

खास बात

- जायसवाल ने पदभार ग्रहण करते ही ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

कोरबा मार्केट

6 korba-pg4_Layout 1 3/6/2025 11:44 PM Page 1

खबर संक्षेप

मुआवजा लेकर परिसम्पत्ति खाली नहीं करने वालों पर की जा रही कार्रवाई

कोरबा। प्रशासन द्वारा कटघोरा विकासखंड के ग्राम मलगांव में शासकीय एवं निजी परिसंपत्तियों को बुलडोजर चलाकर हटाने की कार्यवाही की गई। गौरतलब है कि ग्राम मलगांव के निवासियों द्वारा मुआवजा ले लिया गया है किंतु परिसंपत्तियों से अभी तक अपना कब्जा खाली नहीं किया गया है। जिससे एसईसीएल दीपका का कोल साइड का विस्तार नहीं हो पा रहा है। कटघोरा एसडीएम श्री रोहित सिंह के निर्देशन में तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा एवं एसईसीएल दीपका की टीम द्वारा ऐसे व्यक्तियों की परिसंपत्तियों को हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही ग्राम के सभी निवासियों को 7 दिवस का नोटिस जारी कर सभी को 7 दिवस के अंदर अपना कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं। सात दिवस के पश्चात परिसंपत्तियों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी ।

लिथियम के लिए कटघोरा से लगे गांव की 1565 हेक्टेयर जमीन होगी अधिग्रहित

कटघोरा में लिथियम के तीन ब्लॉक के लिए जमीन चिन्हांकन की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा में लिथियम के तीन ब्लॉक के लिए नक्शा जारी किया गया है। जिसके लिए अब जमीन चिन्हांकन की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। जिसमें कटघोरा नगर पालिका परिषद का क्षेत्र भी प्रभावित होगा। अलग-अलग हिस्से में लगभग 1565 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए राजस्व व वन विभाग अपनी-अपनी जमीन का मार्किंग करेंगे। इसे लेकर खनिज विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है।

खास बात

- **कटघोरा नपा क्षेत्र की सीमा भी होगी प्रभावित,, हाइवे व बायपास पर भी पड़ेगा असर**

फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि खान मंत्रालय नई दिल्ली ने लिथियम ब्लॉक में खनन के लिए माइकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को लाइसेंस जारी किया है। इसके बाद खनिज विभाग ने सभी विभागों से जमीन के संबंध में जानकारी मांगी है। तीन ब्लॉक में से पहले ब्लॉक में 294 हेक्टेयर, दूसरे में 551 हेक्टेयर और तीसरे ब्लॉक में 720 हेक्टेयर जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसमें निजी जमीन के साथ ही राजस्व और वन विभाग की जमीन भी शामिल है। नक्शे के अनुसार इसकी मार्किंग करनी पड़ेगी। कटघोरा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 5 नवागांव के साथ ही वार्ड क्रमांक 6 बेलभाठा, वार्ड क्रमांक 7 महेशपुर और वार्ड क्रमांक 8 पूछापुर का क्षेत्र प्रभावित होगा। इसके अलावा नेशनल हाईवे कटघोरा बायपास भी प्रभावित होगी। इसकी सीमा का निधर्धारण अभी होना है।

17 से अधिक गांवों की ली जाएगी जमीन

रामपुर जलाशय लिथियम ब्लॉक से पूरी तरह प्रभावित है। इसके तहत ही डंगनिया, तानाखार, गुरुमुंडा घरीपखना मुंचापुर केनाडांड, बिशनपुर, दर्रभाठा, महेशपुर, नवागांव, कटघोरा, हुंकरा, जेंजरा और धवईपुर का हिस्सा भी प्रभावित होगा। नहर बनाने के लिए भी इन गांवों की जमीन को अधिग्रहित की जा रही थी।

3.50 करोड़ रुपए की नहर के टेंडर की प्रक्रिया रोकनी पड़ी

जल संसाधन विभाग ने रामपुर जलाशय के लिए नहर बनाने 3.50 करोड रुपए का टेंडर जारी किया था। रामपुर जलाशय का निर्माण गोकना नाला में किया जा रहा था। अब लिथियम खदान खुलने से नाला का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। इसी वजह से जल संसाधन विभाग में अपनी पूरी प्रक्रिया ही रोक दी है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया मुआवजा वितरण तक पहुंच गई थी। उसे भी अभी ड्रॉप किया गया है। इसके अलावा 70 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने 58 लाख रुपए का अवार्ड पारित हुआ था, उसे भी अभी रोका गया है। इस क्षेत्र में जो भी योजनाएं हैं उन सबकी प्रक्रिया ही रोक दी गई है।

सड़क का निर्माण कार्य शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

समाचार पत्रों में समस्याओं को लेकर प्रकाशित होने के तीसरे दिन ठेकेदार ने संज्ञान लेकर अधुरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को पुनः शुरू किया। वहीं दूसरी ओर बने कांक्रीटीकरण के दोनों झोर को समतल कर आवागमन बहाल कर अधुरे पड़े सड़क निर्माण को लेबल कर कांक्रीटीकरण करने कार्य आरंभ किया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

बीईओ कार्यालय सेवा पुस्तिका मामला विवादों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड का बीईओ कार्यालय सेवा पुस्तिका मामले को लेकर विवादों के घेरे में है। पूर्व हेड मास्टर चंदन सिंह राजपूत की सेवा पुस्तिका जला दी गई, जिसकी शिकायत संयुक्त संचालक और पुलिस से की गई है। अब एक नया मामला शेख करीम मोहम्मद का आया है। उन्होंने इस बारे में अधिकारियों को अवगत कराया है और कार्रवाई करने की मांग की है। चंद्रौटी के सरकारी स्कूल में सहायक शिक्षक एलबी पद पर शेख करीम पदस्थ हैं। वर्ष 2022 में बीएड का प्रशिक्षण पूरा होने पर उन्होंने इसकी प्रवृष्टि कराने के लिए सर्विस बुक की मांग की थी। द्वितीय प्रति में प्रविष्टि के लिए इसकी जरूरत होती है। पूर्व बीईओ अशोक चंद्राकर के कार्यकाल में इस बारे में आवेदन दिया गया था। कई चक्कर कटवाने पर भी बात नहीं बनी। बाद में मालूम हुआ कि सेवा पुस्तिका गायब हो गई है। शिक्षक ने बताया कि सेवा पुस्तिका के अभाव में उनके प्रमोशन और क्रमोन्नित पर असर पड़ना स्वाभाविक है। सर्विस बुक के तमाशे ने उन्हें और परेशान कर दिया है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में सर्विस बुक गुमने, पार कर देने या जला देने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, इससे कई सवाल खड़े हो गए हैं।